प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 30.12.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का तीन दिवसीय झारखंड दौरा आज हुआ संपन्न, नई दिल्ली के लिए हुईं रवाना, गुमला में कार्तिक जतरा समापन समारोह में झारखंड से अपने जुड़ाव का उल्लेख करते हुए इसे बताया वीरों की धरती।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जेएसएससी–सीजीएल के तहत चयनित 1910 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा–लंबित भर्तियों को पूरा कर सरकार ने युवाओं के विश्वास को किया मजबूत।
- केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी धनबाद में आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन में हुईं शामिल, कहा– अटल बिहारी वाजपेयी के दूरदर्शी निर्णयों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बढ़ा रहे आगे।
- लोहरदगा पुलिस ने अवैध हथियार के साथ तीन नाबालिगों को किया गिरफ्तार, देसी कट्टा, स्कूटी और अन्य सामान किया बरामद।
- राज्य में शीतलहर और कोहरे का प्रकोप जारी, मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत 13 जिलों में जारी किया येलो अलर्ट।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तीन दिवसीय झारखंड दौरा आज संपन्न हो गया आज वे नई दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। रांची एयरपोर्ट पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्रपति को विदाई दी। इससे पहले आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुमला के रायडीह प्रखंड स्थित माझाटोली बेरियर बगीचा में आयोजित अंतर्राज्यीय जन सांस्कृतिक समागम समारोह कार्तिक जतरा के समापन समारोह में शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में झारखंड से अपने जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि गुमला वीरों की भूमि है और उन्होंने परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का तथा जतरा टाना भगत के योगदान को याद किया।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अलावा छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी शामिल हुए।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज जेएसएससी–सीजीएल के तहत चयनित 1910 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए सभी को बधाई दी और कहा कि युवाओं को नौकरी और रोजगार देना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पाने वाली महिलाओं से मंईयां सम्मान योजना को स्वेच्छा से त्यागने की अपील करते हुए कहा कि इससे जरूरतमंद महिलाओं तक योजना का लाभ सही रूप में पहुंच सकेगा। साथ ही उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कई बाधाओं के बावजूद सरकार ने वर्षों से लंबित भर्तियों को पूरा कर यह साबित किया है कि यह प्रक्रिया केवल नौकरी नहीं, बल्कि युवाओं के विश्वास की बहाली है।

***************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी आज धनबाद में आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी युगद्रष्टा थे और उनके कार्यों को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में झारखंड को अलग राज्य का दर्जा मिला और जनजातीय मंत्रालय का गठन हुआ।

इधर हजारीबाग में भी भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने अटल बिहारी वाजपेयी के पोखरण परमाणु परीक्षण, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने वाले निर्णयों को उनकी दूरदर्शिता का प्रतीक बताया।

***************

लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार द्वारा जनजातीय जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने विभागवार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अनुसूचित जनजाति के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की तथा ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के निर्देश दिए।

***************

धनबाद जिले के केंदुआडीह क्षेत्र में जहरीली गैस रिसाव की आशंका के बीच 40 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई है। घटना के बाद झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह ने बीसीसीएल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि गैस रिसाव की समस्या वर्षों से बनी है, लेकिन रोकथाम के प्रयास केवल कागजी साबित हो रहे हैं।

***************

लोहरदगा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से एक देसी कट्टा, स्कूटी, मोबाइल फोन और डीएसएलआर कैमरा बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि इस मामले में आर्म्स एक्ट और बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर तीनों नाबालिगों को रिमांड होम भेज दिया गया है।

***************

अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- सरायकेला–खरसावां के आदित्यपुर स्थित नेताजी सुभाष चौक पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के नवीनीकरण कार्य के बाद आज विधिवत उद्‌घाटन और अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी शेखर डे ने 30 दिसंबर की ऐतिहासिक महत्ता बताते हुए नेताजी के साहस, देशभक्ति और आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।
- सरायकेला–खरसावां जिले में नव पदस्थापित 292 शिक्षकों ने एसओपी और सरकारी गाइडलाइन का पालन नहीं होने का आरोप लगाते हुए जिला समाहरणालय में विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों का कहना है कि स्कूल आवंटन में नियमों की अनदेखी की गई है, कई महिला शिक्षिकाओं को 60 से 70 किलोमीटर दूर दुर्गम इलाकों के विद्यालयों में पदस्थापित किया गया है, जिससे सुरक्षा और नियमित उपस्थिति प्रभावित हो रही है।

***************

मौसम विभाग ने राज्य के 13 जिलों में शीतलहर की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। इन में राजधानी रांची समेत पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, रामगढ़, बोकारो, खूंटी, गुमला, हजारीबाग, लोहरदगा, कोडरमा और धनबाद शामिल हैं। मौसम विभाग ने राज्य के उत्तरी हिस्सों में सुबह और शाम घने कोहरे की भी चेतावनी दी है।

*******समाप्त********